### अध्ययन भ्रमण से लौटे एनआरएलएम प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी ईशा प्रिया को सौंपी रिपोर्ट

# बेगूसराय का हरित खाद मॉडल अंबेडकरनगर में बनेगा मिसाल

**चर्चा**

**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों की लागत कम करने की दिशा में अंबेडकरनगर में नई पहल की तैयारी शुरू हो गई है। बिहार के बेगूसराय जिले में संचालित हरित खाद उत्पादन एवं प्रबंधन मॉडल का अध्ययन कर लौटे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी ईशा प्रिया से मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किए। बैठक में जनपद में इस मॉडल को लागू करने की संभावनाओं और रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में एनआरएलएम के अधिकारी, कर्मचारी और स्वयं सहायता समूहों की प्रतिनिधि महिलाएं शामिल थीं। टीम ने अध्ययन भ्रमण के दौरान देखी गई व्यवस्थाओं, तकनीकी प्रक्रियाओं और सामुदायिक भागीदारी के मॉडल की जानकारी प्रशासन को दी। हरित खाद मॉडल की सबसे बड़ी विशेषता स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भूमिका बताई गई। महिलाएं उत्पादन, प्रबंधन, विपणन और वित्तीय संचालन की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और सामुदायिक उद्यमिता को बढ़ावा मिला है।



### खेती की लागत घटी, मिट्टी की सेहत में आया सुधार

बैठक में साझा किए गए अनुभवों के अनुसार हरित खाद के उपयोग से मिट्टी की जैविक गुणवत्ता बेहतर हुई है। खेतों की जल धारण क्षमता बढ़ी है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता में कमी आई है। किसानों ने उत्पादन लागत घटने और फसल की गुणवत्ता में सुधार होने की जानकारी भी साझा की। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि यह मॉडल कृषि को अधिक टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में प्रभावी साबित हुआ है।

### गोबर, बॉटम ऐश और जैविक अवयवों से तैयार हो रही गुणवत्ता वाली खाद

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बेगूसराय में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध गोबर, बॉटम ऐश और अन्य जैविक अवयवों का उपयोग कर हरित खाद तैयार की जा रही है। यह मॉडल किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हुआ है और बड़े स्तर पर उपयोग में लाया जा रहा है। अध्ययन के दौरान टीम ने खाद निर्माण की पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। कच्चे माल के संग्रहण से लेकर मिश्रण, परिपक्वता, गुणवत्ता परीक्षण, पैकेजिंग, भंडारण और विपणन तक की व्यवस्थाओं का गहन अध्ययन किया गया। साथ ही इस कार्य से जुड़े स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों के संचालन मॉडल को भी समझा गया।

**जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बैठक में कहा कि प्राकृतिक खेती और जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए ऐसे नवाचार समय की आवश्यकता हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को अध्ययन भ्रमण से प्राप्त निष्कर्षों का संकलन कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।**

# नंदबाबा दुग्ध मिशन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार


### गिर, साहीवाल और हरियाना नस्ल की गायों पर 80 हजार रुपये तक अनुदान

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए नंदबाबा दुग्ध मिशन योजना शुरू की गई है। योजना के तहत 28 दुग्ध इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इसका उद्देश्य स्वदेशी और उन्नत नस्ल की गायों के पालन को बढ़ावा देकर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है।

इस योजना के जरिए किसानों को खेती के साथ अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध कराने पर फोकस किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में संगठित पशुपालन को मजबूत करने की दिशा में इसे अहम कदम माना जा रहा है।

योजना के तहत यदि लाभार्थी साहीवाल, हरियाना, थारपारकर या गिर नस्ल की दो गायें खरीदता है, या शासन द्वारा नामित विक्रेताओं से खरीद करता है, तो उसे अधिकतम 80 हजार रुपये तक का अनुदान मिलेगा। इस पहल का उद्देश्य बेहतर दुग्ध उत्पादक नस्लों को बढ़ावा देना और दूध उत्पादन क्षमता को मजबूत करना है, जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी हो सके।




योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक के पास पशुओं के रखरखाव के लिए पर्याप्त स्थान होना जरूरी है। साथ ही उसके पास पहले से एक से अधिक देशी नस्ल के गोवंश नहीं होने चाहिए।

लाभार्थी को कम से कम तीन वर्ष तक गोपालन करने का शपथपत्र देना होगा, ताकि योजना का लाभ स्थायी और सही दिशा में उपयोग हो सके। अनुदान के लिए आवेदन के साथ गाय खरीद की रसीद, तीन वर्ष का बीमा प्रमाणपत्र, पशुशाला निर्माण का विवरण और चारा मशीन खरीद से जुड़े दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं। सभी दस्तावेज ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना होगा। जांच के बाद ही अनुदान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

**फास्ट न्यूज**

### बैंक ऑफ बड़ौदा की सीएसआर पहल

अंबेडकरनगर। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत किसान इंटर कॉलेज, पकड़ी भोजपुर को सीलिंग फैन उपलब्ध कराए। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय में अध्ययन-रत छात्रों के लिए बेहतर और सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने फैन वितरण किया।

### निजी गौशाला में आग से मची अफरा-तफरी, चार गोवंश झुलसे

अंबेडकरनगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र के शहजादपुर पकड़ी गांव में गुरुवार देर शाम एक निजी गौशाला में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से चार गोवंश झुलस गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शहजादपुर पकड़ी निवासी घनश्याम राजभर की निजी गौशाला में रात करीब 9:45 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने गौशाला को अपनी चपेट में ले लिया।

### 14 जून की प्रवक्ता परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

अंबेडकरनगर। आगामी 14 जून को आयोजित होने वाली प्रवक्ता पुरुष एवं महिला राजकीय इंटर कॉलेज प्रारंभिक परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को लोहिया भवन में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों और केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# एक्स-रे मशीन खराब मिलने पर सुधार के निर्देश

### ट्रामा सेंटर में अव्यवस्था पर नाराजगी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जिला चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अकबरपुर एसडीएम प्रतीक्षा सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आईं, जिनमें सबसे प्रमुख एक्स-रे मशीन का खराब होना रहा। इससे मरीजों को जांच के लिए मुख्य अस्पताल भवन तक जाना पड़ रहा था।

निरीक्षण के समय ट्रामा सेंटर में मरीजों की भीड़ भी मौजूद थी। गंभीर मरीजों और घायलों को सुविधाएं समय पर न मिलने की स्थिति भी सामने आई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ट्रामा सेंटर में लगी एक्स-रे मशीन लंबे समय से खराब पड़ी है। इस कारण मरीजों को जांच के लिए स्ट्रेचर और व्हीलचेयर के सहारे जिला



अस्पताल के मुख्य भवन तक जाना पड़ता है। एसडीएम ने मरीजों से बातचीत भी की, जिसमें उन्होंने व्यवस्थाओं को लेकर असंतोष जताया। मरीजों ने बताया कि जांच और भर्ती प्रक्रिया में लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एसडीएम प्रतीक्षा सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) को निर्देश दिया कि खराब एक्स-रे मशीन को तत्काल ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों को किसी भी स्थिति में अतिरिक्त परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्था में सुधार जरूरी है।

# भीटी थाने की कमान बदली कृष्णबली सिंह नए थानाध्यक्ष

### पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की सख्त कार्यशैली से तेज हुआ प्रशासनिक बदलाव

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत भीटी थाने को नया थानाध्यक्ष मिल गया है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कृष्णबली सिंह को भीटी थाने की जिम्मेदारी सौंपी है। वह इससे पहले अकबरपुर कोतवाली में अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे।

वहीं इंस्पेक्टर श्रीनिवास पांडेय को गैर जनपद स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत पुलिस लाइन से संबद्ध किया गया है। आदेश के बाद विभागीय स्तर पर नई तैनाती को लागू कर दिया गया।

जिले में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार थानों की संरचना और जिम्मेदारियों में बदलाव कर



रहा है। इसी क्रम में भीटी थाने में नई नियुक्ति की गई है।

अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के फेरबदल का उद्देश्य थानों को अधिक सक्रिय और जवाबदेह बनाना है, ताकि जनता से जुड़े मामलों का निस्तारण तेजी से हो सके। भीटी थाने में नए थानाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद क्षेत्रीय पुलिसिंग व्यवस्था में तेजी आने की उम्मीद है। विभागीय स्तर पर इसे नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बताया गया है।

### एसपी प्राची सिंह के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था में दिखा बदलाव

जिले में पुलिसिंग को लेकर पिछले समय में कई स्तर पर सख्ती और सक्रियता देखी गई है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था को लेकर निगरानी व्यवस्था और फील्ड वर्क पर विशेष फोकस किया गया है। सूत्रों के अनुसार, उनके कार्यकाल में गश्त व्यवस्था, शिकायत निस्तारण और थाना स्तर पर अनुशासन को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। इससे पुलिस व्यवस्था में तेजी और जवाबदेही बढ़ी है।

### एमएलसी निधि की सड़क पर विवाद, चौड़ीकरण को लेकर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। अकबरपुर तहसील के रग्घुपुर गांव में एमएलसी निधि से कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सड़क के चौड़ीकरण को लेकर ग्रामीणों और किसानों ने आपत्ति जताई है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से मौजूद रास्ते की चौड़ाई बढ़ाने के दौरान उनकी कृषि भूमि प्रभावित की जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में पहले से मौजूद रास्ता करीब 8 फीट 3 इंच चौड़ा था, जिसे अब लगभग 16 फीट तक चौड़ा किया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी मशीनों से रास्ते के दोनों ओर खुदाई की गई, जिससे खेतों को नुकसान पहुंचा है। किसानों का यह भी कहना है कि सिंचाई के लिए बनी नालियां भी प्रभावित हुई हैं।

गांव निवासी सुनील कुमार यादव, राज दीपक समेत कई ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि चौड़ीकरण से पहले न तो सार्वजनिक रूप से जानकारी दी गई और न ही प्रभावित लोगों की सहमति ली गई।



**रग्घुपुर में सड़क निर्माण कार्य का विरोध, किसानों ने भूमि प्रभावित होने का लगाया आरोप**

ग्रामीणों का दावा है कि यदि सड़क की चौड़ाई बढ़ानी थी तो पहले राजस्व विभाग से पैमाइश कराई जानी चाहिए थी। साथ ही ग्राम सभा स्तर पर प्रस्ताव और भूमि संबंधी स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए थी। ग्रामीणों ने यह भी जानना चाहा है कि सड़क चौड़ीकरण किस आदेश और मानक के तहत किया जा रहा है।

### बस स्टॉप से पटेल नगर और टांडा रोड तक चला सघन अभियान, बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री जब्त

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नगर पालिका परिषद अकबर-पुर ने शुक्रवार को शहर में व्यापक जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान बस स्टॉप से लेकर पटेल नगर और टांडा रोड तक दुकानों, ठेलों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथीन और थर्माकोल सामग्री बरामद कर जब्त की गई।

शासन के निर्देशानुसार 21 जून 2026 तक चलाए जा रहे 'व्यापक प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान' के तहत यह कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक हृदयानंद यादव ने किया। जागरूकता अभियान के तहत नागरिकों को कपड़े से बने थैले वितरित किए गए। अधिकारियों ने लोगों से खरीदारी के दौरान कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करने की अपील की। अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना भी रहा।



### 21 जून तक जारी रहेगा विशेष अभियान

नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। अधिकारियों के अनुसार, प्रतिबंधित पॉलिथीन और थर्माकोल का उपयोग करने वालों के खिलाफ आगामी दिनों में भी नियमित जांच और कार्रवाई की जाएगी।

**"अभियान में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से लक्ष्येंद्र सिंह और आकाश गिरी मौजूद रहे। वहीं नगर पालिका परिषद अकबरपुर की स्वच्छ भारत मिशन टीम के सदस्य जसवंत सिंह यादव, आशीष शुक्ला, सम्राट, शुभम और दीपक शुक्ला ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।**

### नियमों के उल्लंघन पर 12 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई

जांच के दौरान प्रतिबंधित पॉलिथीन और थर्माकोल के उपयोग के मामले सामने आने पर 12 दुकानदारों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई। नगर पालिका की टीम ने संबंधित दुकानदारों पर जुर्माना लगाया और भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी। अभियान के दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों और दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी। साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए वैकल्पिक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# बिजली संकट से नाराज ग्रामीणों का प्रदर्शन, कार्यालय का किया घेराव

### बनकटा गांव में 10 दिन से आपूर्ति ठप, जर्जर तार और ओवरलोड ट्रांसफार्मर बनी समस्या

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। बेवाना थाना क्षेत्र के बनकटा गांव में बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को दो दर्जन से अधिक महिला-पुरुष ग्रामीणों ने अकबरपुर स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव किया और जमकर विरोध जताया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले एक महीने से गांव में मात्र एक से दो घंटे बिजली मिल रही थी। वहीं पिछले करीब 10 दिनों से आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में बिजली के तार काफी पुराने और जर्जर हो चुके हैं, जो अक्सर टूट जाते हैं। इसके अलावा 16 केवीए का ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण बार-बार खराब हो जाता है, जिससे आपूर्ति बाधित रहती है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। ग्राम प्रधान चुन्नी लाल गुप्ता ने बताया कि लगभग 50 घरों वाले इस पुरवे में 32 बिजली कनेक्शन हैं। करीब 10 दिन पहले आए तूफान में आठ बिजली के खंभे टूट गए थे। मरम्मत कार्य पूरा होने के बावजूद बिजली आपूर्ति अब तक बहाल नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभागीय स्तर पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लगातार बिजली संकट से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों ने विभाग से जल्द आपूर्ति बहाल करने और जर्जर लाइन व ट्रांसफार्मर की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बड़ी कार्रवाई

### पुलिस-प्रशासन और जन विकास संस्थान का संयुक्त अभियान

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जन विकास संस्थान ने पुलिस और प्रशासन के सहयोग से जिले में विशेष अभियान चलाकर पांच बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया। यह कार्रवाई जून माह में चलाए जा रहे बाल श्रम विरोधी 'एक्शन मंथ' के तहत की गई।

संस्थान की ओर से बाल मजदूरी की शिकायत वाले क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की पड़ताल की गई, जहां से पांच बच्चों को मुक्त कराया गया। बच्चों की उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच बताई गई है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मुक्त कराए गए बच्चे पिछले कई महीनों से अलग-अलग प्रतिष्ठानों में कार्यरत थे। जांच के दौरान बच्चों से



कराए जा रहे कार्यों और उनकी कार्य परिस्थितियों की भी जानकारी जुटाई गई। संबंधित मामलों में आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

अधिकारियों के अनुसार बच्चों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के साथ पुनर्वास और अन्य निर्धारित सुविधाएं दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जन विकास संस्थान ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनजाग-रूकता अभियान भी चलाया। इसमें विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सामुदायिक नेताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया।

**व्यवस्था : चार महिला पीआरवी देंगी त्वरित सहायता, पुलिस प्रतिक्रिया तंत्र होगा और मजबूत**

# महिलाओं की सुरक्षा को मिली नई मजबूती

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए अंबेडक-रनगर पुलिस ने महिला पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) की संख्या बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में यह व्यवस्था लागू की गई है। महिला पीआरवी की संख्या बढ़ने से जिले में आपातकालीन स्थितियों में पुलिस सहायता पहले से अधिक तेज और सुलभ हो सकेगी।

अब तक जिले में तीन महिला पीआरवी संचालित थीं। इनमें सर्किल टांडा की पीआरवी 5330, सर्किल नगर की पीआरवी 5337 और सर्किल जलालपुर की पीआरवी 5340 शामिल थीं। नई व्यवस्था के तहत जिले में महिला पीआरवी की संख्या बढ़ाकर चार कर दी गई है।

महिला पीआरवी की अतिरिक्त तैनाती से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। पुलिस का मानना है कि इससे महिलाओं में सुरक्षा और विश्वास की भावना और मजबूत होगी। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। महिला पीआरवी की संख्या बढ़ाने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी आपात स्थिति में पीड़ित महिला को त्वरित और प्रभावी पुलिस सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह व्यवस्था विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।



**"पुलिस विभाग लगातार महिला सुरक्षा को लेकर विभिन्न स्तरों पर कदम उठा रहा है। महिला हेल्पलाइन, मिशन शक्ति अभियान और महिला बीट पुलिसिंग के साथ महिला पीआरवी भी सुरक्षा तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।**

### महिलाओं और बालिकाओं को मिलेगी त्वरित पुलिस सहायता

महिला पीआरवी का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, छेड़छाड़, सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षा या अन्य शिकायतों पर महिला पीआरवी की टीम मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करती है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला पीआरवी की संख्या बढ़ने से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच और प्रतिक्रिया क्षमता में सुधार होगा। इससे सहायता मांगने वाली महिलाओं तक कम समय में पुलिस पहुंच सकेगी।

### जिला कारागार में औचक निरीक्षण, सुरक्षा और साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा

### जिला न्यायाधीश, डीएम और एसपी ने जेल परिसर का लिया जायजा

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। जिला कारागार अंबेडकरनगर का शुक्रवार को उच्च अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिला न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह शामिल रहीं। टीम ने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और बंदियों से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं की स्थिति देखी। अचानक हुए निरीक्षण से जेल प्रशासन में भी सतर्कता देखी गई। अधिकारियों ने जेल के भीतर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री के प्रवेश को पूरी तरह रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा जांच प्रक्रिया को और सख्त बनाने पर जोर दिया, ताकि जेल के अंदर अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था बनी



रहे। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि कैदियों तक केवल निर्धारित और वैध सामग्री ही पहुंचे।

जेल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखा जाए।

इसके साथ ही बंदियों के लिए मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल प्रशासन को सभी व्यवस्थाओं को मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए।

# राजभर बोले- अदिति मेरी भी बेटी, लेकिन अखिलेश अपनी गिरेबान में झांके

# अखिलेश की बेटी पर आपत्तिजनक पोस्ट, चार पर एफआईआर हुई दर्ज

**मुकदमा**

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर/प्रतापगढ़ । अखिलेश यादव की बड़ी बेटी अदिति यादव (23) को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में गुरुवार को कानपुर-प्रतापगढ़ में FIR दर्ज हुई। कानपुर में भरत पटेल, नागेश्वर सिंह बघेल और विनोद यादव और प्रतापगढ़ में शीतला सुजान कवि नाम की आईडी पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

आरोप है कि इन लोगों ने सोशल मीडिया पर अदिति के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट की। इससे समाज में अखिलेश यादव और उनके परिवार की छवि धूमिल हुई।



इसलिए इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने गुरुवार को X पर लिखा-अदिति मेरी भी बेटी है। आप पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से हम शर्मिंदा हैं। जिसने भी ऐसी हरकत की, वह शर्मनाक है। लेकिन अखिलेश अपनी गिरेबान में झांके। मेरे और मेरे परिजनों के बारे में क्या-क्या लिखवाते रहते हैं। गारंटी से कह सकता हूं कि यह घटिया हरकत करने वालों में कोई सपाई ही होगा। वहीं, सपा नेता शिवपाल यादव ने कहा- भाजपा सरकार से निकृष्ट कोई सरकार हो नहीं सकती। ऐसे में क्या कहूं। अगर सपा के लोग जिले-जिले में उतर जाएं तो लॉ एंड ऑर्डर की दिक्कत हो जाएगी।

### प्रतापगढ़ में सपा के महासचिव ने शिकायत दर्ज कराई

प्रतापगढ़ में सपा के महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने एफआईआर में लिखा है कि फेसबुक पर "शीतला सुजान कवि पत्रकार" नाम की एक फर्जी आईडी से अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव के बारे में गलत और आपत्तिजनक बातें फैलाई जा रही हैं। इन पोस्टों में निजी आरोप लगाए गए हैं, जिससे एक महिला की गरिमा, सम्मान और छवि को नुकसान पहुंच सकता है। इससे समाज में भ्रम फैल सकता है और सामाजिक सौहार्द भी बिगड़ सकता है। इसलिए एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

**भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह ने आपत्तिजनक पोस्टों पर आपत्ति जताई है। कहा- सपा प्रमुख की बेटी के बारे में सोशल मीडिया पर अपमानजनक बातें फैलाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बेटियों का सम्मान राजनीति से ऊपर है। समाज को ऐसे गलत कामों के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। मामले की जांच की जाए।**



अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव प्रवीण यादव ने मुकदमा दर्ज कराया।

### राजभर बोले- बेटी, आप पर की गई टिप्पणी से हम शर्मिंदा

मंत्री राजभर ने लिखा- अदिति यादव मेरी भी बेटी है। लेकिन अखिलेश जी को क्या कहूं? पूरी तरह से ट्विटर, एसी और पीसी के नेता हैं। कोई गंभीरता नहीं। अदिति के खिलाफ लाल-हरी टोपी वालों में से जिसने भी आपत्तिजनक पोस्ट की है, वह शर्मनाक और गुनाह-ए-अजीम है। लेकिन यह समय स्वयं अखिलेश यादव जी समेत सपाइयों के लिए भी अपने गिरेबान में झांकने का है।

उन्होंने कहा-सपाई हमेशा लोगों को गालियां देते और दिलवाते रहते हैं। किसी की जाति का, किसी के रंग का, किसी की श्रद्धा का, किसी के कपड़ों का, किसी के पेशे का मजाक उड़ाते रहते हैं। मैं स्वयं अखिलेश के गुंडों का भुक्तभोगी हूं। सोशल मीडिया पर अखिलेश मेरे और मेरे परिजनों के बारे में क्या-क्या लिखवाते रहते हैं।पूरा बहुजन समाज रोज देख रहा है।

## गुरु युगान्तर सिन्दूर को मिला, केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2025

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने आज कला के क्षेत्र में अपने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान 'केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार - 2024' एवं 2025 की घोषणा कर दी है। भारतीय संगीत के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं के लिए लखनऊ निवासी प्रख्यात ग़ज़ल गायक गुरु युगान्तर सिन्दूर को 'केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार-2025 से सम्मानित करने की घोषणा अकादमी द्वारा की गई है। उल्लेखनीय है कि उक्त सम्मान निकट भविष्य में भारत की माननीया राष्ट्रपति के हाथों नई दिल्ली के विज्ञान भवन या राष्ट्रपति भवन में प्रदान किए जाएंगे।

युगान्तर सिन्दूर को इससे पूर्व प्रदेश सरकार ने संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ₹संगीत नाटक अकादमी सम्मान-2002₹ ₹बेगम अख़्तर पुरस्कार-2018₹ एवं संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप-2020 जैसे प्रतिष्ठित सामानों से विभूषित किया है। आकाशवाणी महानिदेशालय वर्ष 2003 में गुरु युगान्तर सिन्दूर को अपनी सर्वोच्च श्रेणी ₹टॉप-ग्रेट आर्टिस्ट सम्मान'' से सम्मानित कर चुका है। भारत सरकार की ओर से अनेक देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले गुरु युगान्तर सिन्दूर ने संगीत शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किया है। देश विदेश में अपने शिष्यों की एक लंबी श्रृंखला तैयार की है। फिल्म आदिपुरुष के भजन ₹राम सियाराम, सियाराम जय जय राम₹ को गाने वाले चर्चित पार्श्व गायक सचिन टंडन भी गुरु युगान्तर सिन्दूर के ही तराशे हुए शिष्य हैं।

**फास्ट न्यूज**

### गोरखपुर में छोटे भाई के हत्यारोपी ने किया सरेंडर

गोरखपुर। गोरखपुर में 9 जून को मां की तेरहवीं के दिन दुर्गविजय शर्मा ने छोटे भाई सत्यप्रकाश उर्फ शुभम शर्मा (23) के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देकर हत्यारोपी भाई फरार हो गया था। पुलिस की 3 टीमें उसकी तलाश में लगी थी। पुलिस को चकमा देते हुए शुक्रवार अपराह्न करीब 3 बजे नाटकीय ढंग से हत्यारोपी ने सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

### वाराणसी में 24 घंटे में 6 डिग्री गिरा तापमान

वाराणसी। वाराणसी में पिछले 24 घंटों में वाराणसी के मौसम ने अचानक करवट ली है। शहर का अधिकतम तापमान करीब 6 डिग्री सेल्सियस गिरकर 36 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली।

हालांकि नमी का स्तर बढ़ने से उमस ने लोगों की परेशानी कम नहीं होने दी। वहीं दूसरी ओर शहर के कई इलाकों में लगातार बिजली कटौती और ट्रांसफॉर्मर खराब होने की घटनाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

### वॉशरूम की बदबू ऑफिस तक पहुंची

गोरखपुर। गोरखपुर के गोलघर स्थित GDA टॉवर में इन दिनों सबसे बड़ी समस्या गंदगी और पानी सप्प्लाई की है। पिछले तमाम शिकायतों के बाद अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। वाशरूम की जर्जर और बत्तर स्थिति से वहां के दुकादारों और ऑफिस वालों को इंफेक्शन का डर सता रहा है। वाशरूम का बदबू ऑफिस और दुकानों तक पहुंच रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत यहां काम करने वाली लड़कियों और महिलाओं को रही है।

# उन्नाव में 100 की स्पीड में ट्रक से भिड़ी कार 4 की मौत

## बॉडी सीट से चिपकी मिलीं, गाड़ी काटकर निकाली गईं

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में गंगा एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार दोपहर भीषण हादसा हो गया। प्रयागराज की तरफ से आ रही टाटा पंच कार गंगा एक्सप्रेस-वे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इससे कार सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 2 ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। घटना थाना आसीवन क्षेत्र में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय कार की स्पीड करीब 100 किमी प्रति घंटे की रही होगी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। कार में बैठे लोग सीटों से चिपक गए थे। दरवाजे काटकर लोगों को कार से बाहर निकाला गया। हादसे में मरने वाले चारों युवकों की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। फूलपुर के जाफरपुर निवासी उदय सिंह (26), अनुपम गुप्ता (32) और बाबूगंज कस्बा निवासी विजय (25) व अमन (28) की जान गई है।



गंगा एक्सप्रेस–वे पर सड़क हादसे में कार सवार 4 दोस्तों की मौत।

हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर लोगों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को सड़क से किनारे हटवाया। पुलिस के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 3:20 बजे हुआ था। ट्रक में खराबी आने के कारण ड्राइवर ने उसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार टाटा पंच कार ने ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी। तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर कार पर कंट्रोल खो बैठा और सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा भिड़ा।

### काशी में नर्सिंग छात्रा की रेप से हुई थी मौत

वाराणसी। वाराणसी में 19 साल की नर्सिंग छात्रा की मौत अबॉर्शन पिल्स खाने से नहीं, क्रूरता के साथ रेप करने से हुई थी। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (ADCP) लिपि नागायच ने बताया, आरोपी ने छात्रा के साथ ब्रूटल मतलब बर्बर तरीके से रेप किया था। इससे छात्रा के प्राइवेट पार्ट में इंजरी थी। इस कारण से उसे बहुत ज्यादा ब्लीडिंग हुई और मौत हो गई।

ADCP ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हेमोरेजिक शॉक (अधिक रक्तस्राव) भी आया है। छात्रा के पिता पुलिस विभाग में सिपाही हैं। उनकी शिकायत पर पहले आरोपी पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मगर अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद रेप और सबूत मिटाने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

एक दिन पहले आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया था कि उनके बीच दो साल से अफेयर था। छात्रा 3 महीने की प्रेग्नेंट थी।

# पुलिस मुठभेड़ में ट्रांसफार्मर चोरी गिरोह के इनामी बदमाश गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। थाना हाईवे पुलिस, स्वाट टीम और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में ट्रांसफार्मर चोरी एवं डकैती की वारदातों में वांछित दो शातिर अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी 25-25 हजार रुपये के इनामी बदमाश थे और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे थे। पुलिस के अनुसार 11 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि गोवर्धन क्षेत्र में ट्रांसफार्मर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो अपराधी एक सफेद कार से क्षेत्र में रेकी कर रहे हैं और किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना हाईवे पुलिस, स्वाट टीम एवं एसओजी ने निर्माणाधीन बैकुंठ सिटी के सामने पालीखेड़ा-महोली रोड पर घेराबंदी कर दी। पुलिस द्वारा संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किए जाने पर उसमें सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धर्मवीर उर्फ देव निवासी आगरा तथा विपिन निवासी फिरोजाबाद के रूप में हुई है। दोनों आरोपी 4 जून को थाना गोवर्धन क्षेत्र में दो 250 केवीए ट्रांसफार्मरों को क्षतिग्रस्त कर उनमें से कीमती वाइंडिंग तार चोरी करने की घटना में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे .315 बोर, छह जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, 55 हजार रुपये नकद, ट्रांसफार्मर के 15 प्लेट, चार एंगल, दो बोल्ट, एक इंसुलेटर तथा बिना नंबर प्लेट की सफेद अर्टिगा कार बरामद की है।

जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी संगठित गिरोह बनाकर ट्रांसफार्मर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

## चंदौली में क्लासमेट चाकू लेकर पहुंचा, सीने पर वार किए, बाकी स्टूडेंट डरकर भागे

# स्कूल में 10वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

चंदौली । यूपी के चंदौली में 10वीं के छात्र की शुक्रवार सुबह स्कूल में हत्या कर दी गई। वारदात को क्लासमेट ने अंजाम दिया। आरोपी छात्र कमर में चाकू छिपाकर क्लास पहुंचा। वहां उसने सीने पर चाकू से वार किए। अचानक हुए हमले में लवकुश यादव (17) संभल नहीं पाया। खून से लथपथ होकर वह वहीं गिर गया। क्लासरूम में हुई चाकूबाजी से भगदड़ मच गई। टीचर-स्टूडेंट्स क्लास छोड़कर भाग गए। शोर-शराबा हुआ तो बाकी टीचर मौके पर पहुंचे। घायल छात्र को जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी छात्र भी नाबालिग है। उम्र 17 साल है। पुलिस ने वारदात के बाद वो क्लास में खड़ा रहा। टीचर ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। उसने अपना जुर्म कबूल किया है। मृतक छात्र के पिता बबलू यादव और उसकी मां विमला गुरुवार को अयोध्या गए थे। बेटे की हत्या की सूचना मिलने के बाद चंदौली लौट रहे हैं। वारदात जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर सदर कोतवाली क्षेत्र के प्रतापपुर गांव की है। प्रतापपुर गांव के बबलू यादव ड्राइवर हैं। वे एक प्राइवेट कंपनी में गाड़ी चलाते हैं। उनका बेटा लवकुश यादव (17) गांव में ही आदर्श इंटर कॉलेज में हाई स्कूल का छात्र था।



लवकुश मृतक



इसी कॉलेज के क्लासरूम में छात्र की हत्या कर दी गई। साथी छात्र ने ही वारदात को अंजाम दिया।

**66 गांव में आरोपी का एक मंजिला घर है। उसके पिता स्वास्थ्य विभाग में संविदा कर्मचारी हैं। आरोपी का एक भाई इंटर का छात्र है। वारदात के बाद आरोपी के घर पर ताला लगा हुआ है। सभी लोग घर छोड़कर फरार हैं।**

### टीचर बोले- अचानक उठकर आया, चाकू मारकर भागा

वारदात के दौरान क्लास में पढ़ा रहे टीचर दीनदयाल यादव ने बताया- सुबह बच्चों को एक्स्ट्रा क्लास के लिए बुलाया गया था। ये दोनों बच्चे भी आए थे। क्लास में लवकुश आगे बैठा था। जबकि हत्यारोपी उसके पीछे वाली सीट पर था। मैं बच्चों को पढ़ा रहा था। उस समय क्लास में 10 बच्चे थे। तभी अचानक वो पीछे से उठकर आगे आया और कुछ ही सेकेंड में लवकुश पर चाकू से वार कर दिए। बच्चों ने शोर मचाया तो मैं पीछे मुड़ा। देखा तो लवकुश जमीन पर गिर गया था। उसका शर्ट खून से लाल था। जबकि आरोपी हाथ में चाकू लिए खड़ा था। हम लोगों ने लवकुश को उठाया और एंबुलेंस को कॉल की। इसी दौरान पुलिस को बुलाकर आरोपी को पकड़वाया। स्कूल में इन दोनों में कभी कोई विवाद सामने नहीं आया।

उनका एक और 6 साल का बेटा अंश है। लवकुश अपने ही कॉलेज में समर वेकेशन में चलने वाली एक्स्ट्रा क्लास करता था। प्रत्यक्षदर्शी छात्र ने बताया कि क्लास में आरोपी पीछे वाली सीट पर बैठा था, जबकि लवकुश आगे वाली सीट पर था।

## शाहजहांपुर में रेप आरोपी के एनकाउंटर पर पथराव-हंगामा

### महिलाओं ने चौकी घेरी, डंडे चलाकर पुलिसवालों से भिड़ीं

तमसा संकेत, एजेंसी



शाहजहांपुर । शाहजहांपुर में गुरुवार दोपहर बवाल हो गया। रेप के आरोपी के हाफ एनकाउंटर पर लोग भड़क उठे। लोगों ने आरोपी को बेगुनाह और पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर करने का आरोप लगाते हुए चांदपुर पुलिस चौकी घेर ली। 150 से ज्यादा महिलाएं-बच्चे और पुरुषों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया।

पुलिस ने समझाने की कोशिश की तो भीड़ और उग्र हो गई। पुलिस के साथ धक्का-मुक्की होने लगी। विवाद बढ़ा तो भीड़ ने पथराव किया। महिलाएं भी हाथ में डंडा लेकर पुलिस की तरफ दौड़ीं। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज करके लोगों को खदेड़ा। पुलिस के लाठीचार्ज का वीडियो सामने आया है। मामला जिला मुख्यालय से करीब 75 किमी दूर खुटार थाना क्षेत्र का है। आरोपी युवक पर एक साल की बच्ची से रेप का आरोप है। पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

आरोपी गुड्डू ने पुलिस को बताया कि उसका घर बच्ची के मकान के पास ही है। बच्ची का परिवार उससे बातचीत भी करता था और वह अक्सर बच्ची को घर जाकर खिलाता भी था। उसने दावा किया कि उसके मन में कभी बच्ची के साथ गलत हरकत करने का विचार नहीं आया था। लेकिन, जब मंगलवार को वह बच्ची के घर गया तो वह अकेली लेटी थी। वह बच्ची के पास गया और उसके साथ खेलने लगा। इसी दौरान उसने बच्ची के कपड़े उतार दिए और उसके साथ रेप किया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### '25 करोड़ लोग...

लेकिन फोकस्ड कार्यक्रम और उनका सफल क्रियान्वयन पहले नहीं देखा गया था. मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के उस बयान का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में केवल चार जातियां हैं. पहली गरीब की जाति है, दूसरी आधी आबादी महिलाओं की है, तीसरी युवा और चौथी अन्नदाता किसान की है. इन चारों को राजनीतिक एजेंडा का विषय बनाकर उनके उत्थान के लिए जो कार्यक्रम बने, वह अद्भुत हैं.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में स्वच्छ और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 45 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास से बसों का फ्लैग ऑफ किया। इन बसों के संचालन से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) समेत गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र की लोकल कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलेगी।

गौतमबुद्ध नगर के लिए इलेक्ट्रिक बसों के फ्लैग ऑफ और नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपो के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बुनियादी ढांचे और परिवहन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (UPSRTC) की 45 नई इलेक्ट्रिक बसों में से 11 बसों का संचालन लखनऊ में और 34 बसों का संचालन नोएडा क्षेत्र में किया जाएगा। पहले चरण में करीब 30 से 35 बसों को सड़कों पर उतारा जाएगा।

### नामांकन रद्द होने के ...

मीनाक्षी नटराजन चाहें तो चुनाव याचिका दाखिल कर इस फैसले को चुनौती दे सकती हैं।

दरअसल, मध्य प्रदेश की तीसरी सीट के लिए कांग्रेस ने मीनाक्षी नटराजन को उम्मीदवार बनाया था। कांग्रेस के पास पर्याप्त संख्या बल भी था, लेकिन 9 जून को मीनाक्षी का नामांकन फॉर्म निरस्त कर दिया गया। इसके खिलाफ कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। याचिका खारिज होने पर मीनाक्षी ने कहा कि पहले वोट चोरी होती थी, इस बार सीट चोरी हुई।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मीनाक्षी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था, 'रिटर्निंग ऑफिसर ने उन्हें शुरुआती चरण में ही बाहर कर दिया। उन्हें चुनाव लड़ने दिया जाए, अगर उन्हें वोट नहीं मिलते हैं तो वे हार जाएंगी, यही लोकतंत्र की प्रक्रिया है।'

मध्य प्रदेश की तीसरी राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस के पास पर्याप्त संख्या बल था, लेकिन 9 जून को भाजपा ने आपत्ति लगाई कि कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन ने अपने खिलाफ दर्ज एक केस की जानकारी नामांकन पत्र में नहीं दी। इसे स्वीकार करते हुए रिटर्निंग अधिकारी अरविंद शर्मा ने मीनाक्षी का नामांकन निरस्त कर दिया था।

### ईरान ने भारतीय ...

इससे पहले ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा था कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने नई डील को मंजूरी कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते पर इसी सप्ताह यूरोप में साइन हो सकता है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी इसमें शामिल होंगे।

अमेरिकी सेना ने 10 जून को ओमान तट के पास भारतीय क्रू मेंबर वाले सेटेबेलो जहाज पर हमला किया। गुरुवार को 3 भारतीय नाविकों की मौत की पुष्टि हुई। होर्मुज के पास 4 दिन में 3 जहाजों पर हमलाः अमेरिकी सेना ने मैरीवेक्स, सेटेबेलो और जलवीर नाम के जहाज पर हमला किया। इन जहाजों पर करीब 70 भारतीय क्रू मेंबर सवार थे।

अमेरिका से तनाव के बीच ईरान ने कहा है कि वह कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ईरानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी एडमिरल हबीबोल्लाह सय्यारी ने कहा कि तेहरान का परमाणु बम बनाने का कोई इरादा नहीं है।

### महंगाई, भ्रष्टाचार ...

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पतालों में न तो पर्याप्त डॉक्टर हैं और न ही मरीजों को दवाएं उपलब्ध हो पा रही हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शासन में मिलावटी पेट्रोल बेचा जा रहा है और एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर भी विशेषज्ञों की आशंकाओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा महंगाई के लिए वैश्विक परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराती है, जबकि वह लंबे समय से सत्ता में है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की विदेश नीति भी असफल साबित हुई है और देश की अर्थव्यवस्था दबाव में है।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं कर सकी। किसानों को न न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ मिला और न ही कृषि सुविधाओं का विस्तार हुआ। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की स्थिति बेहतर होती तो प्रदेश में खुशहाली दिखाई देती।

युवाओं के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक होने से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने नीट परीक्षा से जुड़े विवादों का उल्लेख करते हुए कहा कि कई नौजवान मानसिक तनाव का शिकार हुए।

### 'जेल जाना पड़ेगा ...

इको गार्डन में छात्रों और वनडे एग्जाम की तैयारी कर रहे करीब 6 हजार अभ्यर्थियों ने सुबह 10 से शाम 4 बजे तक प्रदर्शन किया। अभिजीत दीपके भी इसमें शामिल हुए। वह करीब 40 मिनट तक रुके। उन्होंने सभी लोगों से 20 जून को दिल्ली आने का आह्वान किया।

हालांकि, कुछ छात्र-अभ्यर्थियों ने कॉकरोच पार्टी और अभिजीत दीपके का विरोध भी किया। कहा- हमारे इस आंदोलन का कॉकरोच पार्टी से कोई मतलब नहीं है। वे राजनीति कर रहे हैं। अगर अभिजीत दीपके यहां आ गए, तो हमारा आंदोलन तहस-नहस हो जाएगा।

4 बजते ही पुलिस ने अनाउंस कर प्रदर्शनकारियों को इको गार्डन से बाहर कर रही है। इस प्रदर्शन की अनुमति सुबह 10 से शाम 4 बजे तक थी।

नोएडा से आए शिक्षक नितिन ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी के चीफ अभिजीत ने इस पूरे प्रदर्शन को डिरेल करने की कोशिश की। उन्हें पता ही नहीं था कि किस मुद्दे पर प्रदर्शन हो रहा है।

उनका कहना था कि हमने प्रोटेस्ट का आह्वान किया, जबकि ऐसा नहीं है। इस प्रदर्शन की रूपरेखा हमने 15 दिन पहले तैयार की थी। उसमें उत्तर प्रदेश के तमाम प्रतियोगिता के परीक्षार्थी शामिल थे।

### कोलकाता की ...

आग कैसे लगी, और हजारों EVM इस आग की चपेट में कैसे आ गईं, भाजपा जवाब दे?

पश्चिम बंगाल के दमकल एवं आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री कौशिक चौधरी ने बताया कि आग सबसे पहले दूसरी और तीसरी मंजिल पर दिखी थी। इसके बाद यह सातवीं, आठवीं, नौवीं और दसवीं मंजिल तक पहुंच गई।

उन्होंने सवाल उठाया कि चौथी, पांचवीं और छठी मंजिल को ज्यादा नुकसान पहुंचे बिना आग ऊपर कैसे पहुंची। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी, लेकिन साजिश की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### ममता बनर्जी के...

उन्होंने लिखा था- ममता जी का ये अब तक का सबसे परेशान करने वाला और अपमानजनक बयान है। लोगों की सुरक्षा किसी के सहारे नहीं, कानून और व्यवस्था के भरोसे होनी चाहिए।

शिकायतकर्ता तुषार कांती दास का आरोप है कि ममता ने 9 मार्च 2026 को कोलकाता के धर्मतला स्थित मंच से भड़काऊ भाषण दिया था।

उनके बयान से सांप्रदायिक सौहार्द और राज्य की लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुंच सकता था। पहले नेताजी नगर थाने में जीरो FIR दर्ज की गई थी, जिसे बाद में कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने को ट्रांसफर कर दिया गया। BNS की धारा 196(1), 351(2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया गया।

